## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री और टीएस सिंहदेव के तीन-तीन निज सचिव बनाए गए, आनंद सागर टीएस के विशेष सचिव

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री टीएस सिंहदेव के तीन-तीन निज सचिवों की नियुक्तियां की गई हैं. सामान्य प्रशासन की ओर से जारी आदेश में आनंद सागर सिंह को मंत्री टीएस सिंहदेव को निज सचिव बनाया गया है. इसके अलावा दो अन्य नियुक्तियां मंत्री टीएस सिंहदेव के दफ्तर में की गई है. अंबिकापुर के जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता और विधानसभा के गौतम कुमार महिलांग को निज सचिव बनाया गया है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए तीन-तीन निज सचिव बनाए गए. लोक निर्माण विभाग के अजित मढ़रिया, तहसील कार्यालय में कार्यरत कैलाश ठाकुर और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना खंड, रायपुर के सुनील चतुर्वेदी को मुख्यमंत्री दफ्तर उनके निज सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है.

### सीएम काफिले के गुजरते समय अब नहीं होगी लोगों को परेशानी, वाहनों की नहीं लगेगी कतार

रायपुर. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री काफिले में शामिल गाड़ियों की संख्या कम करने के साथ सीएम काफिला के गुजरने के दौरान होने वाली आम लोगों को परेशानी से राहत देने की बात कही थी, जिस पर अमल करते हुए राजधानी रायपुर में सीएम काफिले के दौरान मार्गों पर यातायात को कम से कम प्रभावित करने और एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को नहीं रोकने का निर्देश जारी किया गया है.

### पुरूष बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता की अंतिम मेरिट सूची जारी

रायगढ़। पुरूष बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एमपीडब्ल्यू)प्रशिक्षण सत्र 2018-19 हेतु प्राप्त आवेदनों पत्रों की दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत समस्त वर्ग की अंतिम मेरिट सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में चस्पा किया गया है तथा जिले के वेबसाईट www.raigarh.nic.in में भी अपलोड किया गया है।

### कोयला की अफरा-तफरी

रायगढ़। घरघोड़ा में रहने वाला नरेन्द्र बैरागी पिता देवार्चन बैरागी उम्र 24 वर्ष चौधरी ट्रांसपोर्ट बरौद में काम करता है। नरेन्द्र बैरागी ने आज थाना घरघोड़ा में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रेलर क्रमांक छ्त्त 13रु1245 के द्वारा चौधरी ट्रांसपोर्ट बरौद के अंदर कोयला का परिवहन कार्य किया जाता है कि 20 दिसम्बर को उक्त ट्रेलर में जामपाली कोयला खदान से कोयला लोड कर एम.एस.पी. जामगांव रायगढ़ जाने के लिये चालक निकला था कि उक्त ट्रेलर के चालक द्वारा घरघोड़ा बस स्टैण्ड के पास रोड किनारे ट्रेलर में लोड कोयला को चालक विक्रम यादव द्वारा कुछ कोयला को ट्रेक्टर में खाली कर बेचा जा रहा था जिसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर चालक को पुछताछ किया तो अपना नाम विक्रम यादव निवासी सतनामीपारा घरघोडा का रहने वाला बताया तथा ट्रेक्टर मालिक गोवर्धन खाण्डे निवासी सतनामीपारा घरघोडा को देना बताया इस तरह उक्त ट्रेक्टर चालक विक्रम यादव द्वारा कंपनी में पुरा कोयला न ले जाकर रास्ते में कोयला का अफरा तफरी कर रहा था। रिपोर्टकर्ता के आवेदन/रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक व एक अन्य के विरूद्ध अप.क्र. 393/18 धारा 407,34 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# लौटाने होंगे रमन के चेहरे वाले साढ़े 9 हजार मोबाइल

रायगढ़ । जिले में भी रमन के चेहरे वाले साढ़े 9 हजार मोबाइल फोन लौटाने होंगे। सीएम भूपेश बघेल द्वारा स्काई योजना पर अगले आदेश तक रोक लगा दिए जाने के बाद चिप्स ने इन्हें वापस मंगाया है। इसलिए जिले में भी पंचायतों में सरपंच व सचिवों के पास वितरण के लिए रखे हुए बाकी सरकारी स्मार्ट फोन की रिकवरी शुरू हो गई है।

केन्द्र सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने स्काई योजना शुरू की थी। मुफ्त में लोगों को सरकारी स्मार्ट फोन बांटने के लिए लाई गई इस योजना में जिले में भी करीब 1 लाख 94 हजार से अधिक परिवारों को स्मार्ट फोन मिलना था। चिप्स के अधिकारियों ने गांव से लेकर शहर के वार्डों में स्टॉल लगाकर बकायदा लोगों को फोन बांटे लेकिन इनका वितरण पूरा हो पाता , इससे पहले ही प्रदेश में चुनाव के कारण आचार संहिता लग गई। विधानसभा चुनाव के परिणाम आए तो सरकार भी पलट गई। अब भूपेश ने सीएम बनने के साथ ही सबसे पहले स्काई योजना को बंद करने का आदेश दे दिया। जिसके बाद चिप्स के अफसर बाकी बचे हुए फोन को वापस मंगाने में लगे हुए हैं। रायगढ़ जिले में भी 1 लाख 94 हजार के विरूद्ध 1 लाख 84 हजार का ही वितरण हो सका है और चिप्स के रिकार्ड में अभी भी करीब 9875 सरकारी स्मार्ट फोन वितरण से शेष रह गए हैं। अब रमन सिंह के चेहरे वाले इन सरकारी मोबाइल को वापस मंगाया जा रहा है और इसे चिप्स के रायपुर कार्यालय भेजा जाएगा। इसके लिए जिले में सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के माध्यम से भी सरकारी स्मार्ट फोन की रिकवरी के लिए काम किया जा रहा है।

# मुंहबोले चाचा ने किया था दुष्कर्म, 5 साल की कैद व जुर्माना

रायगढ़। मुंहबोले चाचा ने अपनी नाबालिग भतीजी के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। जुलाई 2017 में हुई इस घटना में फास्ट ट्रेक कोर्ट ने आरोपी को पाक्सो एक्ट के तहत दोषी माना है और शुक्रवार को कोर्ट ने आरोपी को अलग अलग धाराओं में 5 साल की अधिकतम कैद की व जुर्माने की सजा दी है।

खरसिया के ढिमानी गांव में 18 महीने पहले हुए दुष्कर्म कांड का फैसला आ गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे पंचानन गुप्ता ने बताया कि 25 जुलाई 2017 को गांव में रहने वाले 24 वर्षीय रोहित कुमार पटेल ने अपनी मुंहबोली भतीजी को हवस का शिकार बनाया था। घटना दिनांक को दोपहर आरोपी नाबालिग पीड़िता के घर में गया था। उस वक्त घर में मां-बाप व रिश्तेदार नहीं थे। मुंहबोले चाचा रोहित ने पहले पानी मांगा और फिर पेन मांगी। इसी बीच पीछे से उसने लड़की पर हमला बोलकर कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। हालाकि अपने बचाव में पीड़िता ने आरोपी को नाखून व दांतों से काटकर जख्मी करने की कोशिश भी की। बाद में पुलिस की जांच में इसके प्रमाण भी मिले। परिजन एवं पड़ोसियों की शिकायत के बाद खरसिया पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। जिसमें शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी रोहित को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी माना है और पाक्सो एक्ट में 5 साल कैद व 1 हजार जुर्माना, धारा 354 में 5 साल की कैद व 1 हजार जुर्माना तथा 454 में 3 साल कैद व 1 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने छग सरकार को भी पीड़िता को 20 हजार की क्षतिपूर्ति राशि देने के लिए कहा है।

# प्लेसमेंट कैम्प 27 दिसम्बर को

रायगढ़। जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, एस.ई.सी.एल रोड, मैरीन ड्राईव रायगढ़ में निजी क्षेत्रो में विभिन्न पदों में भर्ती करने के लिए 27 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट कैम्प में विद्या मितान के 5 पद (योग्यता - एम.एस.सी. गणित/ भौतिकी एवं बी.एड.), सेल्स एक्जीक्यूटिव के 15 पद (योग्यता - 10 वीं उत्तीर्ण), इलेक्ट्रीशियन वाइंडिंग शिक्षक के 2 पद(योग्यता- आई.टी.आई./ डिग्री/ डिप्लोमा इन इलेक्ट्रीकल), ए.सी. रिपेयरिंग शिक्षक के 2 पद (योग्यता- डिग्री/डिप्लोमा इन मेकेनिकल), नर्सिंग शिक्षक के 2 पद (योग्यता- बी.एस.सी. नर्सिंग अथवा जी.एन.एम.), सिविल शिक्षक के 5 पद (योग्यता- डिग्री/ डिप्लोमा इन सिविल एवं न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव)कम्प्यूटर शिक्षक के 9 पद (योग्यता- कोपा अथवा डिग्री/ डिप्लोमा इन कम्प्यूटर अथवा आई.टी. अथवा पी. जी. डी. सी.ए. एवं टैली का ज्ञान अथवा बी.सी.ए. बी.एस.सी. आई.टी.) पर भर्ती की जाएगी जिसमें संबंधित क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जावेगी। इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं समय पर जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ में उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

आवेदक अपने (बायोडाटा के साथ) समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र, अंक सूची, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड तथा निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति व एक-एक छायाप्रति व पासपोर्ट साइज के दो फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002331133 अथवा जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

## मोटरसाइकिल को कार ने मारी ठोकर, बाइक चालक घायल

रायगढ़। 21 दिसम्बर को 15.58 बजे बरमकेला राइनो को रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला। इवेंट पर श्वऋङ्क बरमकेला राइनों में तैनात जवान खेमलाल चौहान और कृष्णा डनसेना तत्काल घटनास्थल कोहनी उड़ान बरमकेला जंगल के पास पहुंचे, जहां कार के चालक ने मोटरसाइकिल चालक प्रदीप यादव पिता घनश्याम यादव उम्र 20 वर्ष निवासी खैरगढ़ थाना सरिया को ठोकर मार दिया जिससे बाइक चालक प्रदीप यादव घायल हो गया था, घायल को ERV स्टाफ बरमकेला ने बरमकेला अस्पताल पहुंचाया ।

# शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

रायगढ़। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ शुक्रवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभाटा में रायगढ़ नगर निगम के सभापति सलीम नियारिया के द्वारा बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया गया। शिशु संरक्षण माह 21 दिसंबर से 25 जनवरी तक पूरे माह भर चलेगा। इस कार्यक्रम में नियमित टीकाकरण के साथ-साथ मुख्य रूप से दी जाने वाली सुविधाएं जैसे की 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण विटामिन ए आयरन की सिरप, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती किया जाएगा। गर्भवती माताए शिशुवती माताओं की जांच, टीटनेस टॉक्साइड का इंजेक्शन लगाकर आयरन की गोली का वितरण किया जाएगा। शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम पूरे एक माह तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों में टीकाकरण संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी।

## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480